28/10/20 आज पत्रावली श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय के आदेशों
की पालना में न्याय हेतु उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर
के पत्रांक 2876 दिनांक 16/10/20 द्वारा वापिस प्राप्त
सुनवाई प्रारम्भ हुई। पुकार/पुनः दर्ज रजिस्टर हो। वकील
उभय पक्षगण एवं उभय पक्षकार उपस्थित आये एवं पूर्व
दिनांक 22/09/20 को प्रस्तुत राजीनामा अनुसार डिक्री
दिये जाने का निवेदन किया जिस हेतु वादी एवं प्रतिवादी
सभी एकत्र होके अपने द्वारा प्रस्तुत राजीनामे पर अपने-अपने
हस्ताक्षर किये जिनकी पहचान वादी वकील श्री राम रामपटेल
एवं प्रतिवादी नं० 1,2 की पहचान वकील प्रतिवादी श्री
अशोक चौधरी द्वितीय के की डॉ बादल सुनील शामिल
पत्रावली किया गया। वकील फरीकैन को
सुना गया। सुनाये जाने आदेश पत्रावली दिनांक
04/11/20 को पेश हो।

सहायक कलक्टर
मुण्डावर (अलवर) राज०

04/11/20

आज पत्रावली पेश हुई / वकील उभय पक्षकारान उप० आये / प्रकरण में उभय पक्षकारान द्वारा राजीनामा पेश होकर शामिल पत्रावली है / विवादित आराजी ख०नं० 123/0.19, 133/0.14, 136/0.18, 138/0.14, 151/0.05, 468/0.47, 477/0.14, 487/0.28 हैक्टेयर वाके ग्राम नांगलिया तहसील मुण्डावर जिला अलवर (राज०) के बाबत तकासमा आराजी के बाबत का पेश हुआ / प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये रजिस्टर्ड ए०डी० के समन तलबाना से तलब किये जाने पर प्रतिवादी नं० 4,5 बावजूद विधिवत सूचना अनुपस्थित रहने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई एवम् प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 2 की ओर से वादी के साथ-साथ अपना राजीनामा पेश किया जो बाद तस्दीक शामिल मिसल दाखिल किया गया। मुताबिक राजीनामा आराजी खसरा नं० 123/0.19, 133/0.14, 136/0.18, 138/0.14, 477/0.14 हैक्टर वाके ग्राम नांगलिया तहसील मुण्डावर एवं वादी फालूराम के हिस्से रहेगा तथा आराजी खसरा नं० 468/0.47, 487/0.28 हैक्टर वाके ग्राम नांगलिया तहसील मुण्डावर प्रतिवादी जगराम के हिस्से रहेगा तथा आराजी खसरा नम्बर 151 रकबा 0.05 हैक्टर वाके ग्राम नांगलिया तहसील मुण्डावर में से 1/2 हिस्सा तरफ उत्तर वादी फालूराम एवं 1/2 हिस्सा तरफ दक्षिण प्रतिवादी जगराम के हिस्से रहेगा के बाबत का पेश है जिस हेतु वादी व प्रतिवादी सं० 1 व 2 ने मय वकील उभय पक्षकारान के उपस्थित अदालत आकर व स्वयं राजीनामा बाद निर्णीत किये जाने का निवेदन रहा। सुना गया एवं पत्रावली व पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। मुताबिक प्रस्तुत नकल जमाबन्दी सम्वत 2069-2072 के

सहायक कलक्टर
मुण्डावर [illegible]

| हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|

वादी एवं प्रतिवादी सं० 1 व 2 विवादित आराजीयात के सहखातेदारान दर्ज रिकार्ड हैं। उपरोक्त विवेचन के आधार पर वादी के वाद को यह न्यायालय बकब्जे राजीनामा स्वीकार योग्य पाता है।

## आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर विवादित आराजीयात के वादी के वाद को बकब्जे राजीनामा स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में डिक्री किया जाता है तथा मुताबिक राजीनामा आराजी ख०नं० 123/0.19, 133/0.14, 136/0.18, 138/0.14, 477/0.14 हैक्टर वाके ग्राम नांगलखिया तहसील मुण्डावर का वादी पालूराम को एवं आराजी खसरा नं० 468/0.47, 487/0.28 हैक्टर वाके ग्राम नांगलखिया तहसील मुण्डावर जिला अलवर (राज०) का प्रतिवादी जगराम को खातेदार घोषित किया जाता है तथा आराजी खसरा नं० 151 रकबा 0.05 हैक्टर वाके ग्राम नांगलखिया तहसील मुण्डावर में से ½ हिस्सा वादी पालूराम को तकसीम बकब्जा तथा ½ भाग तकसीम हिस्सा का प्रतिवादी जगराम को खातेदार घोषित किया जाता है। उभयपक्ष ही अलग-अलग खाते कायम कर लगान तकसीम किया जावे, नामान्तरकरण दर्ज किया जावे तथा बैंक रहन की स्थिति में जय कायम को मिलने वाले हिस्से, रकबे, आराजी से ऋण राशि वसूलनीय होगी। वाद शीर्षक एवं दिनांक 22/09/20 को प्रस्तुत राजीनामा निर्णय एवं पर्चा डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार हो नम्बर से कम हो। बाद तकमील जमा रिकार्ड भण्डार हो। सुनाया गया।

28/10/20

सहायक कलक्टर
मुण्डावर (अलवर) राज०

# न्यायालय सहायक कलक्टर मुण्डावर जिला अलवर राजस्थान

पीठासीन अधिकारी :— अनूप सिंह (R.A.S.)

| दावा संख्या | रजू दिनांक | अन्तिम पर्चा डिक्री दिनांक |
|---|---|---|
| 431/2020 | 28.10.2020 | 28.10.2020 |

उनवान

1 पालूराम पुत्र श्री अमीलाल जाति जाट निवासी नागंलसिया तहसील मुण्डावर जिला अलवर राज0।

—: वादी

बनाम

1. जगराम पुत्र श्री सूरजन जाति जाट
2. सरबती पत्नी श्री सूरजन जाति जाट निवासी नागंलसिया तहसील मुण्डावर जिला अलवर राज0।
3. श्रीमान तहसीलदार महोदय मुण्डावर जिला अलवर राज0।
4. श्रीमान मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक शाखा मुण्डावर तहसील मुण्डावर जिला अलवर राज0।
5. श्रीमान मैनेजर राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा अजरका तहसील मुण्डावर जिला अलवर राज0।

—: प्रतिवादीगण

दावा 53 व 188 राज0 कास्त0 अधि0 1955

## —: अन्तिम पर्चा डिक्री :—

वादी की ओर से **श्री गंगाराम पटेल एडवोकट** की उपस्थिति एवं प्रतिवादीगण की ओर से **श्री अशोक चौधरी एडवोकट** की उपस्थिति में इस वाद में **आज दिनांक 28.10.2020** को **श्री अनूप सिंह, सहायक कलक्टर मुण्डावर** के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर आदेश किया जाता है **और अन्तिम पर्चा डिक्री दी जाती है:—**

" उपरोक्त विवेचन के आधार एव राजीनामा के आधार पर मुताबिक राजीनामा आराजी खसर नम्बर 123/0.19, 133/0.14, 136/0.18, 138/0.14, 477/0.14 है0 वाके ग्राम नागंलसिया तहसील मुण्डावर का वादी पालूराम को एवं आराजी खसरा नम्बर 468/0.47, 487/0.28 है0 वाके ग्राम नागंलसिया तहसील मुण्डावर जिला अलवर का प्रतिवादी जगराम को खातेदार घोषित किया जाता है तथा आराजी खसरा नम्बर 151 रकबा 0.05 है0 वाके ग्राम नागंलसिया तहसील मुण्डावर में से 1/2 हिस्सा वादी पालूराम को तरफ उत्तर का तथा 1/2 भाग तरफ दक्षिण का प्रतिवादी जगराम को खातेदार घोषित किया जाता है। उक्तानुसार ही अलग—अलग खाते कायम कर लगान स्थापित किया जावे, अमल दरामद किया जावे तथा बैक रहन की स्थिति में पक्षकारान को मिलने वाले हिस्से, रकबे, आराजी से ऋण राशि वसूलनीय होगी। वाद शीर्षक एवं दिनांक 22.09.2020 में प्रस्तुत राजीनामा निर्णय एवं पर्चा डिक्री का अभिन्नग रहेगा।

**यह अन्तिम पर्चा डिक्री आज दिनांक 28.10.2020 को मेरे द्वारा लिखायी जाकर बाद हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।**

(अनूप सिंह)
सहायक कलक्टर
मुण्डावर जिला अलवर राज0